# प्रेस नोट जनपद खीरी

**दिनाँक 04.02.21**

**पुलिस अधीक्षक महोदय खीरी के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक महोदय के निकट पर्यवेक्षण में जनपद में अपराध नियंत्रण व अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के दौरान विगत 24 घंटे में जनपद के विभिन्न थानों द्वारा निम्न कार्यवाही की गयीः-**

## विश्व कैंसर दिवस के अवसर पर वामा सारथी के तत्वाधान में कैंसर जागरूकता एवं स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन










आज दिनांक 04.02.2021 को "विश्व कैंसर दिवस" के अवसर पर वामा सारथी, उत्तर प्रदेश पुलिस फैमिली वेलफेयर एसोसिएशन के तत्वाधान में पुलिस अधीक्षक खीरी, श्री विजय ढुल के निर्देशन; जनपद अध्यक्षा वामा सारथी, पुलिस फैमिली वेलफेयर एसोसिएशन, जनपद खीरी, श्रीमती अंशू (पत्नी पुलिस अधीक्षक खीरी) की अध्यक्षता एवं अपर पुलिस अधीक्षक खीरी, श्री अरूण कुमार सिंह की उपस्थिति में पुलिस लाइन सभागार में कैंसर जागरूकता एवं स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। उक्त शिविर में पुलिसकर्मी एवं उनके परिवारीजन उपस्थित हुए। जागरूकता कार्यक्रम के दौरान डा0 आर0एस0 भदौरिया, वरिष्ठ फिजिशियन; डा0 सुनील कुमार, सर्जन एवं डा0 शिखर वाजपेयी द्वारा कैंसर के कारण, कैंसर के लक्षण एवं इससे बचाव के विभन्न उपायों के विषय में समस्त पुलिसकर्मियों एवं उनके परिवारीजनों को विस्तृत रूप से अवगत कराया गया तथा जागरूक रहकर इससे बचाव के सुझाव दिए गए। इसके साथ ही सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का भी आयोजन किया गया जिसमें विशेषज्ञ चिकित्सक दल की सहायक टीम द्वारा पुलिसकर्मियों एवं उनके परीवारीजनों का बीपी, शुगर आदि का परीक्षण किया गया एवं स्वस्थ शरीर हेतु पौष्टिक भोजन करने एवं नियमित रूप से व्यायाम करने तथा किसी भी प्रकार की स्वास्थ्य समस्या होने पर तुरंत ही चिकित्सक से परामर्श लेकर समय पर उचित उपचार कराकर गंभीर बीमारी से बचाव हेतु जागरूक किया गया।

**<u>थाना हैदराबाद पुलिस द्वारा अवैध शस्त्र कारतूस बरामद कर अभियुक्त अयूब अली को गिरफ्तार किया गया</u>**




# प्रेस नोट

श्रीमान् पुलिस अधीक्षक महोदय जनपद लखीमपुर द्वारा चलाये गये अवैध शस्त्र बरामदगी अभियान के अन्तर्गत दिनांक 04/02/2021 को समय 04.30 बजे थाना हैदराबाद के उ0नि0 विनोद सिंह व हे0का0 रामचन्द्र शर्मा के द्वारा वाहन चैकिंग के दौरान अयूब अली पुत्र शमशाद अली निवासी इमिलिया नानकार थाना हैदराबाद जिला खीरी को वहद ग्राम इमिलिया नानकार से गिरफ्तार किया गया है। अभि0 अयूब अली उपरोक्त के कब्जे से एक अदद देशी तमंचा 315 बोर व दो अदद कारतूस 315 बोर जिन्दा अवैध शस्त्र बरामदगी के सम्बन्ध मे थाना हैदराबाद पर मु.अ.सं.30/2021 धारा 3/25 A ACT पंजीकृत किया गया है। अभियुक्त का चालान माननीय न्यायालय के समक्ष भेजा जा रहा है।

<u>गिरफ्तार किये गये अभियुक्त का विवरण:-</u>

अयूब अली पुत्र शमशाद अली निवासी इमिलिया नानकार थाना हैदराबाद जिला खीरी।

<u>गिरफ्तार करने वाली टीम का विवरण:-</u>

1. उ0नि0 विनोद सिंह थाना हैदराबाद जनपद खीरी।
2. हे0का0 रामचन्द्र शर्मा थाना हैदराबाद जनपद खीरी।

**<u>थाना धौरहरा पुलिस द्वारा गैंगस्टर एक्ट में वांछित 03 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया</u>**




पुलिस अधीक्षक महोदय खीरी के निर्देशन में संपूर्ण जनपद में अपराध की रोकथाम व अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु अभियान के अंतर्गत आज दिनांक 04.02.2021 को थाना धौरहरा पुलिस द्वारा मु0अ0स0 34/2021 धारा 2/3 यूपी गैगस्टर एक्ट में वांछित 03 अभियुक्तों 1.मिश्रीलाल पुत्र पुत्तू कोरी, 2.रोहित पुत्र मिश्रीलाल, 3.शोभित पुत्र मिश्रीलाल निवासीगण मोहल्ला कोरियाना, मनिहार वार्ड कस्बा व थाना धौरहरा खीरी को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया। अभियुक्त मिश्रीलाल थाना धौरहरा का हिस्ट्रीशीटर है जिसके विरुद्ध थाना स्थानीय पर 30 मुकदमे पंजीकृत हैं तथा अभियुक्त रोहित के विरुद्ध 04 मुकदमे व अभियुक्त शोभित के विरुद्ध 03 मुकदमे पंजीकृत हैं।

# थाना पसगवां पुलिस द्वारा अवैध शस्त्र कारतूस सहित अभियुक्त पंकज कुमार को गिरफ्तार किया गया




## प्रेस नोट

श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय खीरी के आदेश के अनुपालन मे चलाये जा रहे गिरफ्तारी वांछित/ वारंटी अभियान के अन्तर्गत थाना पसगवां पुलिस टीम द्वारा आज दिनांक 04.02.2021 को समय करीब 10.05 बजे किशन अजीतपुर नहर पुल के पास दौराने चेकिंग अभियुक्त पंकज कुमार पुत्र हरि सिंह नि0 ग्राम व थाना पसगवां जनपद खीरी को एक अदद अवैध तमंचा 12 बोर व एक जिन्दा कारतूस 12 बोर के साथ गिरफ्तार किया गया जिसके संबंध मे थाना हाजा पर मु0अ0स0 30/21 धारा 3/25ए एक्ट पंजीकृत कर नियमानुसार विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**नाम पता अभियुक्तः-**

1.पंकज कुमार पुत्र हरि सिंह नि0 ग्राम व थाना पसगवां जनपद खीरी

**बरामदगीः-**

1.एक अदद तंमचा 12 बोर व एक अदद जिन्दा कारतूस 12 बोर।

**गिरफ्तार करने वाली टीम के सदस्यो के नामः-**

1.उ0नि0 राजेन्द्र यादव
2. हे0का0 लक्ष्मीकान्त वर्मा
3. का0 अभिषेक मिश्रा

**अपराधिक इतिहासः-**

1.मु0अ0स0 435/17 धारा 394/411 भादवि थाना पसगवां खीरी
2. मु0अ0स0 30/21 धारा 3/25ए एक्ट थाना पसगवां खीरी

## वांछित/वारण्टी अभियुक्तों की गिरफ्तारी

पुलिस अधीक्षक महोदय खीरी के निर्देशन मे व अपर पुलिस अधीक्षक खीरी के निकट पर्यवेक्षण में सम्पूर्ण जनपद में अपराध की रोकथाम व वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के दौरान जनपद के विभिन्न थानों द्वारा कार्यवाही करते हुए निम्नलिखित अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया-

- थाना कोतवाली सदर पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 98/21 धारा 354क/506 भादवि व 7/8 पॉक्सों एक्ट में वांछित अभियुक्त उमेश पुत्र संजय तिवारी नि0 छाउछ थाना कोतवाली सदर जनपद खीरी को गिरफ्तार किया गया।
- थाना सिंगाही पुलिस द्वारा अ0सं0 7795/09 धारा 9/27/29/35/26 वन अधि0 में वारंटी अभियुक्त जमुना पुत्र कृपाल नि0 पचपेड़ा थाना सिंगाही जनपद खीरी को गिरफ्तार किया गया।
- थाना फूलबेहड़ पुलिस द्वारा अ0सं0 02/18 धारा 452/376/506 भादवि में वारंटी अभियुक्त अजय कुमार पुत्र गंगा सागर नि0 छुनुरपुर थाना फूलबेहड़ जनपद खीरी को गिरफ्तार किया गया।

# **अवैध शराब के विरूद्ध कार्यवाही**

पुलिस अधीक्षक महोदय खीरी के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक महोदय खीरी के निकट पर्यवेक्षण में संपूर्ण जनपद में अवैध शराब के निष्कर्षण एवं बिक्री के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के दौरान विगत 24 घंटे में जनपद के विभिन्न थानों द्वारा कार्यवाही करते हुए **50 लीटर अवैध कच्ची शराब, 01 अवैध शराब भट्टी बरामद कर 04 अभियुक्तों को गिरफ्तार** किया गया है। विवरण निम्नवत हैः-

| क्र0 सं0 | थाना | बरामदगी | गिरफ्तार अभियुक्तों की संख्या |
|---|---|---|---|
| 1. | थाना मैगलगंज | 30 लीटर | 03 अभियुक्त गिरफ्तार |
| 2. | थाना भीरा | 20 लीटर | 01 अभियुक्त गिरफ्तार |
| | कुल योग | 50 लीटर | 04 अभियुक्त गिरफ्तार |